# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

07 नवंबर 2023, मंगलवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा राजस्थान के नावां, मकराना और परबतसर विधानसभा में आयोजित रैलियों में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**राजस्थान की जनता ने विधानसभा चुनाव में पूरे जोर के साथ कमल खिलाने और 2024 में मोदी जी को फिर से प्रधामनमंत्री बनाने का मन बना लिया है।**

**************************

**लाल रंग देखकर भड़क जाते हैं अशोक गहलोत, कुछ भी लाल रंग का हो, उन्हें सिर्फ लाल डायरी ही नजर आती है।**

**************************

**राजस्थान देश में महिलाओं पर अत्याचार में नंबर-1 है, 5 साल में महिलाओं पर अत्याचार के 11 लाख मुक़दमे दर्ज हुए।**

**************************

**गहलोत सरकार ने 4 साल में 14 से ज्यादा पेपर लीक कर बनाया वर्ल्ड रिकार्ड।**

**************************

**अशोक गहलोत सच में जादूगर हैं उन्होंने राजस्थान से बिजली, स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार व कानून व्यवस्था को गायब कर दिया।**

**************************

**गहलोत सरकार में खनन विभाग में 66,000 cr रुपये का घोटाला हुआ और अवैध खनन के कारण एक संत को आत्मदाह करना पड़ा।**

**************************

**जब कन्हैया लाल का सिर काट दिया गया तब अशोक गहलोत ने क्या किया? इन्होने 5 साल बस तुष्टीकरण किया है।**

**************************

**जैसे सोनिया गाँधी को राहुल गाँधी वैसे ही अशोक गहलोत को बस अपने बेटे वैभव गहलोत को लॉन्च करने की चिंता है।**

**************************

**550 साल का इंतज़ार समाप्त हो रहा है, कांग्रेस ने 70 साल तक रामलल्ला को तम्बू में रखा मोदी जी करेंगे भव्य राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा।**

**************************

**मोदी जी ने राजस्थान को 20 हजार करोड़ रुपये दिए गए पर कांग्रेस सरकार ने लोगों के घर पीने का पानी नहीं पहुंचने दिया, भाजपा सरकार ढाई साल के अंदर राजस्थान के हर घर में नल से जल पहुंचाएगी।**

**************************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को राजस्थान के कुचामन (नावां विधानसभा), मकराना और परबतसर में विशाल चुनावी जनसभाओं तथा जसूरी बाईपास और बिदियाद (नागौर) में रथ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने राजस्थान की जनता से भ्रष्टाचारी और तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा करने वाली कांग्रेस की गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान करते हुए भाजपा की डबल इंजन वाली विकास के प्रति समर्पित सरकार बनाने की अपील की।

श्री शाह ने कहा कि कई सदियों से संपूर्ण भारत में राजस्थान की भूमि सम्मान और गौरव की भूमि रही है। राजस्थान ऐसा प्रदेश है जिसने मुगलों की आंधी के सामने डटकर मुकाबला कर उसको रोकने का काम किया। महाराणा प्रताप, बप्पा रावल, राणा सांगा और महाराणा कुंभा की महान परंपरा को राजस्थान आज भी आगे बढ़ा रहा है। पन्ना धाय, रानी पदमावती, गोरा बादल, झाला की वीरता की कई कहानियां यहाँ पड़ी हुई है। आज भी जब देश की रक्षा के लिए यहाँ के युवा, जवान आगे रहते हैं और इस पर केवल हम नहीं पूरा देश गर्व करता है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि **5 साल अशोक गहलोत की सरकार चली लेकिन कांग्रेस की इस सरकार ने वीर भूमि को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।** सबसे भ्रष्ट सरकार कहीं पर रही है तो राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है। आज एयरपोर्ट पर कुछ कम्युनिस्ट मित्र मिल गए तो उन्होंने कहा, हम तो राजस्थान जा ही नहीं सकते। मैंने पूछा क्यों नहीं जा सकते तो **कम्युनिस्ट मित्र ने कहा कि हमारे पार्टी का झंडा लाल है और अशोक गहलोत जी लाल रंग देखते ही भड़क जाते हैं। कुछ भी लाल दिख जाए तो गहलोत जी को लाल डायरी ही नजर आती है।**

श्री शाह ने कहा कि **अशोक गहलोत की सरकार में खनन विभाग में 66 हजार करोड़ रुपये का घोटाला हुआ और अवैध खनन उस सीमा तक बढ़ गया कि एक संत को आत्मदाह कर भूमि की रक्षा के लिए जान देनी पड़ी, फिर भी गहलोत साहब की नींद नहीं उड़ती। उदय सागर झील में 2,000 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। शिक्षा मंत्री के सामने ट्रांसफर में पैसा लेने का आरोप लगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की नाक के नीचे से लगभग ढाई करोड़ रुपये और 1 किलो सोना जब्त हुआ। इस तरह की घटना इससे पहले देश में कहीं नहीं हुई। काली सिंह बांध के नाम पर 200 करोड़ रुपये, गरीबों के राशन में 100 करोड़ रुपये और वृद्धा पेंशन में 4.5 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। घोटालों की सीमा यहां तक बढ़ गई है कि जांचकर्ता भी कहते है कि छोड़ दो भाई, कांग्रेस की सरकार में जहां भी हाथ डालते हैं, वहां से घोटाला ही निकलता है।** राजस्थान में सबसे बड़ी समस्या गोठडी के अंदर पीने का पानी पहुंचाने की रही है। मोदी जी ने समग्र देश के लिए योजना बनाई। हर गरीब के घर में हर व्यक्ति के घर में नल से जल पहुचाए परंतु **यहां पर जल जीवन मिशन के नाम पर 20 हजार करोड़ रुपया खा गए** पर लोगों के घर पीने का पानी नहीं पहुंचने दिया। अगर राजस्थान में भाजपा की सरकार बनती है तो डबल इंजन वाली भाजपा सरकार ढाई साल के अंदर राजस्थान के हर घर में नल से जल पहुंचाएगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस के प्रसंशक अशोक गहलोत जी को जादूगर कहते हैं। वे वाकई में जादूगर हैं क्योंकि उन्होंने जादू से राजस्थान में बिजली गुल कर दी, जो मोदी जी ने पूरे देश भर में घर-घर में पहुचांई लेकन राजस्थान में सबसे ज्यादा कटौती होती है।** स्वास्थ्य की सुविधाएं जो भाजपा की वसुंधरा राजे सरकार में बहुत आगे बढ़ी थी, उसको भी गुम करने का काम अशोक गहलोत सरकार ने किया है। **रोजगारी भी गुम कर दी, कानून और व्यवस्था भी गुम कर दिया, अब इतनी सारी चीजें तो कोई जादूगर ही गुम कर सकता है। चाहे बिजली देनी हो, स्वास्थ्य सुरक्षा हो, कानून व्यवस्था हो - यह केवल और केवल कमल फूल की सरकार ही कर सकती है।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस सरकार ने पेपर लीक करने का एक नया वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है।** साल में कम से कम 3 पेपर लीक होते हैं, पब्लिक सर्विस कमीशन का हर पेपर लीक होता है। **4 साल में 14 से ज्यादा पेपर लीक हुए, लाखों युवाओं के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लगाने का काम गहलोत सरकार ने किया है। कांस्टेबल भर्ती का पेपर लीक हुआ, हाई कोर्ट LDC की भर्ती का पेपर लीक हुआ, SI भर्ती का पेपर लीक हुआ, चिकित्सा अधिकारियों का पेपर लीक हुआ, SHO का पेपर लीक हुआ, लाइब्रेरीयन भर्ती का पेपर लीक हुआ, JE एवं सिविल डिग्री का पेपर लीक हुआ, वन रक्षक भर्ती का पेपर लीक हुआ, बिजली विभाग के तकनीकी हेल्पर का पेपर लीक हुआ और द्वितीय श्रेणी के कर्मचारी का पेपर लीक हुआ लेकिन गहलोत सरकार कुछ नहीं बोलती, चुप बैठी रहती है।** एक पेपर के लिए एक युवा 2-3 साल तक कठोर मेहनत करता है और कई लोग ट्यूशन की फीस भी देते हैं और कांग्रेस सरकार पेपर लीक करके कांग्रेस पार्टी के चट्टे-बट्टे को नौकरी देती है, शर्म आनी चाहिए गहलोत जी! मैं राजस्थान की जनता से आग्रह करता हूँ कि **आप कमल फूल की सरकार बना दीजिए और आने वाले समय में हम ऐसे व्यवस्था करेंगे कि राजस्थान में एक भी पेपर लीक नहीं होगा।**

राजस्थान देश में महिलाओं पर अत्याचार में नंबर 1 है, यहाँ हर रोज - 19 मामले महिलाओं पर अत्याचार के दर्ज होते हैं लेकिन अशोक गहलोत जी के कान पर जूँ तक नहीं रेंगती। इन्होने महिलाओं का अपमान करने का काम किया है और दूसरी तरफ मोदी जी ने 33% आरक्षण, चंद्रयान के लेंडिंग पॉइंट को शिवशक्ति का नाम देकर महिलाओं का सम्मान करने का काम किया है।

राजस्थान में 5 साल में 11 लाख मुक़दमे महिलाओं पर अत्याचार के दर्ज हुए हैं। अलवर, भीलवाडा, चुरू अनेक जगह जघन्य अपराध की घटनाएं हुई और प्रतापगढ़ की घटना ने तो पूरे समाज को शर्मसार किया... अलवर में महिला के साथ दुष्कर्म कर जलाकर फेंक दिया, डूंगरपुर में स्कूल की बच्ची से दुष्कर्म हुआ पर गहलोत साहब ने कुछ नहीं किया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने हुंकार भरते हुए राजस्थान की जनता से आह्वान कि **अशोक गहलोत ने तुष्टीकरण की राजनीति करने में सभी सीमाएं लांघ दी हैं, 2019 में टोंक में हिंसा हुई, 2020 में डूंगरपुर में, 2021 में बारां और झालावाड़ में, 2022 में करौली, जोधपुर, छाबड़ा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नोहर, मेवात, मालपुरा और जयपुर इन सभी जगहों पर कौमी हिंसा हुई।** उदयपुर में दिन दहाड़े कन्हैया लाल का सिर काट कर कांग्रेस सरकार हत्या कर दी गई। अशोक गहलोत जी जवाब दें कि जब कन्हैया लाल का सिर काट दिया गया तब आपने क्या किया। कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार ने रामनवमी और महावीर जयंती पर प्रतिबंध लगा दिया जबकि कोटा में पीएफआई वाले धड़ल्ले से रैली निकाल रहें हैं। भगवान भला करें मोदी साहब का जिन्होंने निर्णायक निर्णय लेते हुए पीएफआई पर प्रतिबंध लगाकर देश के खिलाफ काम करने वाले कई लोगों को जेल में डालने का काम किया है। **कांग्रेस की गहलोत सरकार ने करौली में धारा 144 लगाई, अलवर में 300 साल पुराने शिव मंदिर को बुलडोजर से तोड़ा और सालासर में राम दरबार को भी बुलडोजर से गिराया। इस सरकार में झालावाड़ में कृष्ण वाल्मीकि की निर्मम हत्या कर दी गई और भरतपुर में संत विजय दास को आत्महत्या करनी पड़ी।** लोकतंत्र में सबके साथ न्याय होना चाहिए, तुष्टिकरण की राजनीति को बंद करना चाहिए। उखाड़ फेंकिए कांग्रेस की गहलोत सरकार को जो इस तरह की तुष्टिकरण की राजनीति करती है।

श्री शाह ने कहा कि वर्षों से हम ये कहते आ रहे थे कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान - नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। कांग्रेस वर्षों तक धारा 370 के सवाल को टालती रही। इसे हटाने की कांग्रेस की हिम्मत नहीं हुई क्योंकि इसके लिए कलेजा चाहिए और वो कांग्रेस के पास न है और न ही तब था। ये आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन्होंने **5 अगस्त 2019 को धारा 370 को धाराशायी कर दिया। उस व्यक्त राहुल बाबा संसद में कहते थे कि धारा 370 मत हटाओ खून की नदियां बह जाएंगी। राहुल बाबा, खून की नदियां तो छोड़ो, मोदी सरकार में किसी की कंकर मारने की भी हिम्मत नहीं है।** अगर गलती से भी फिर से कांग्रेस की सरकार आती है तो पीएफआई जैसे संगठनों से राजस्थान को कोई बचा नहीं सकता। **वर्षों से भूतपूर्व सैनिक वन रैंक, वन पेंशन**

**की मांग करते थे जिसे कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार दरकिनार करती रही, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी इसे लागू कर उनके बैंक अकाउंट में 40 हजार करोड़ रुपये भी डाल दिए हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने राजस्थान में भाजपा सरकार के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी राजस्थान के 80 लाख किसानों के एकाउंट में हर साल 6,000 रुपये पहुंचा रहे हैं। इसके तहत अब तक 17 हजार करोड़ रुपये राजस्थान के किसानों के बैंक अकाउंट में डाले जा चुके हैं। आयुष्मान भारत के तहत 1 करोड़ 10 लाख लोगों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश में 86 लाख शौचालय बनाये गए हैं और 4.20  करोड़ 20 लाख गरीबों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो अनाज निःशुल्क दिया जा रहा है। अब आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को और 5 साल तक बढ़ा दिया है। राजस्थान में केंद्र की भाजपा सकरार ने 68 लाख गैस कनेक्शन दिए और पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को 18 लाख घर देने का काम किया। देश के 200 करोड़ लोगों को कोरोना का डबल डोज लगा कर पूरे देश को कोरोना से सुरक्षित करने का काम मोदी जी ने किया है।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी एक परिवारवादी पार्टी है। सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं और अशोक गहलोत अपने बेटे वैभव गहलोत को लॉन्च करना चाहते हैं। इस बार पूरे देश में तीन दिवाली मनाई जाएगी। पहली दिवाली 12 नवंबर को, दूसरी दिवाली 3 दिसंबर को, जब  यहाँ भाजपा की सरकार बनेगी और तीसरी दिवाली 22 जनवरी को, जब रामलला अपने मंदिर में विराजमान होंगे।**

श्री शाह ने कहा कि 550 सालों से प्रभु श्री राम अपमानित अवस्था में थे। **70 सालों से कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लटका रही थी, अटका रही थी, भटका रही थी। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य श्रीराम मंदिर का भूमिपूजन किया और अब आने वाले 22 जनवरी को वे मंदिर में रामलला को विराजमान भी करने वाले हैं।** राहुल बाबा उन्हें रोज ताने मारते थे कि 'मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे।  राहुल बाबा, अब तारीख तय हो गई है, अब क्यों मुंह सिल गया है? ये कांग्रेस पार्टी न देश को सुरक्षित रख सकती है, न देश को समृद्ध कर सकती है, न देश को गौरव दिला सकती है, लेकिन मोदी जी ने नया संसद बनाकर, कर्तव्य पथ बनाकर देश को गौरवान्वित किया है। अब चंद्रमा पर भी देश का परचम लहरा रहा है। **राजस्थान की जनता ने विधानसभा चुनाव में पूरे जोर के साथ कमल खिलाने और 2024 में मोदी जी को फिर से प्रधामनमंत्री बनाने का मन बना लिया है।**

************************